
II दैनिक जागरण लखनऊ, 21 जुलाई, 2024



केएमसी में कुलपति प्रो . एनबी सिंह की अध्यक्षता मे पौधारोपण किया गया। परिसर में 210 पौधे रोपे गए। इसमे पीपल, पाकड़, बरगद के पौधे मंत्रोच्चारण के साथ लगाए गए • विश्वविद्यालय

CS CamScanner

# भाषा विश्वविद्यालय: सीयूईटी से अलग दाखिले लेना शुरू

## प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। कॉमन यूनिवर्सिटी एन्ट्रेंस टेस्ट (सीयूइटी ) यूजी 2024 के परिणाम जारी होने से विश्वविद्यालयों और छात्र-छात्राओं की परेशानी बढ़ गई है। नए सत्र में देरी की संभावनाओं को देखते हुए विश्वविद्यालयों ने सीयूईटी से इतर अपने स्तर प्रवेश शुरू कर दिया है। ताकि नए सत्र में प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं अपने समय से हो सकें और सीट भी खाली न रहे। इसी क्रम में भाषा विश्वविद्यालय ने स्नातक के विविध कोर्स में प्रवेश लिए हैं।

सीयूईटी यूजी 2024 देश भर के 379 परीक्षा केन्द्रों पर 15 मई से 29 तक हुई थी। एनटीए ने 30 जून तक रिजल्ट घोषित करने की घोषणा की थी लेकिन 19 जुलाई बीत जाने तक भी रिजल्ट जारी हो सका है। जिसके बाद से विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ छात्र-छात्राओं में प्रवेश लेने की समस्या खड़ी हो गई है। जिसको देखते हुए भाषा विश्वविद्यालय ने सीयूईटी से इतर अपने माध्यम से लिए आवेदनों पर सीट भरना शुरू कर दिया है।

स्नातक और परास्नातक के नॉन प्रोफेशनल कोर्स में मेरिट और प्रोफेशनल कोर्स में लिखित परीक्षा से प्रवेश शुरू कर दिए हैं।

**30%** सीटें छोड़ीं सीयूईटी अभ्यर्थियों के लिए

■ सीयूईटी के रिजल्ट में देरी पर अपने स्तर पर लिए प्रवेश

### रिजल्ट में देरी से सत्र लेट होने की पूरी संभावना



भाषा विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने कहा कि सीयूईटी रिजल्ट मे देरी निश्चित रूप से सत्र को लेट करवाएगी। विश्वविद्यालय ने अपने स्तर से प्रवेश शुरू कर दिए है। यूजी, पीजी, सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिए जा रहे है। सीयूईटी से आवेदन करने वाले जिन अभ्यर्थियों ने प्राथमिकता में भाषा विश्वविद्यालय का चयन किया है, उनके लिए 30 फीसदी सीट रिजर्व रखी जाएगी जो कि सीयूइटी के रिजल्ट के बाद भरेंगी। अन्य सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जा रही है ताकि सत्र अपने समय से शुरू हो। शासन से भी निर्देश आ गए हैं कि 24 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। वहीं विश्वविद्यालय ने एक बार फिर 19 जुलाई से 22 जुलाई तक बची सीटों पर आवेदन का मौका दिया गया है।

CamScanner

amarujala.com/lucknow
my city अमर उजाला 5
लखनऊ | शुक्रवार • 19.07.2024

# भाषा विवि में विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे

लखनऊ। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे गए। सभी छात्र-छात्राओं को कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

CamScanner

कैम्पस 30s

# फॉर्मेसी छात्रों ने सीडीआरआई देखा

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के फैकल्टी आफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सीएसआईआर–सीडीआरआई का भ्रमण किया। जिसका मूल उद्देश्य युवा छात्रों को विज्ञान में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित करना तथा औषधियों की खोज व निर्माण में रूचि उत्पन्न करना था। भ्रमण के दौरान सीडीआरआई के वैज्ञानिक डा. हिजास ने छात्रों को औषधि अनुसंधान से जुड़ी बारीकियों तथा अनुसंधान के क्षेत्र में अवसर व चुनौतियों के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया।

CamScanner


# भाषा विवि में प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए परीक्षा आज

## दो पालियों की परीक्षा में एक हजार से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल, एडमिट कार्ड जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शनिवार को प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों की दाखिला परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड हैं। दो पालियों में होने वाली प्रवेश परीक्षा में एक हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे।

विवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद के मुताबिक, सुबह की पहली में 11 से 12 बजे तक बीटेक की, जबकि दूसरी पाली में दोपहर 3 से 4 बजे बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीफार्मा, डीफार्मा व एमकॉम की परीक्षा होगी। पहली पाली में 321 व दूसरी में 696 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अभ्यर्थियों को आधे घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। किसी तरह की समस्या पर वे प्रवेश समन्वयक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



## लविवि : 23 फीसदी ने छोड़ी बीसीए की प्रवेश परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को दूसरे दिन बीसीए और बीएससी गणित विषयों में प्रवेश के लिए परीक्षा हुई। पहली पाली में बीसीए की परीक्षा से 23 फीसदी अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। वहीं, बीएससी गणित की परीक्षा में 76 फीसदी अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। (संवाद)

**पहले दिन कक्षाओं में नहीं पहुंचे शिक्षक :** भाषा विवि में शुक्रवार से नए सत्र की पढ़ाई शुरू होनी थी। डीन एकेडमिक प्रो. सौबान सईद ने पत्र जारी कर सभी को इसकी सूचना दी थी। ऐसे में पहले दिन कक्षाओं में पढ़ाई के लिए छात्र-छात्राएं तो पहुंच गए, लेकिन शिक्षक कक्षाओं से नदारद रहे। हालांकि, छात्रों की संख्या भी काफी कम रही। इस बारे में विवि प्रशासन का कहना है कि यदि कक्षाएं नहीं चली हैं तो सख्ती की जाएगी।

CamScanner

लखनऊ, 4 जुलाई, 2024 दैनिक जागरण

# रजिस्ट्रार महेश कुमार ने कार्यभार संभाला



महेश कुमार

लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय (केएमसी) में नए रजिस्ट्रार महेश कुमार ने बुधवार से कार्यभार संभाल लिया है। अभी तक रजिस्ट्रार की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक डा. भावना मिश्रा के पास थी। वहीं, महेश कुमार पहले राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ में रजिस्ट्रार थे। (जासं)

CamScanner

हिन्दुस्तान

लखनऊ, गुरुवार, 4 जुलाई 2024 06

कैम्पस 30s

# भाषा विवि के 35 छात्रों का प्लेसमेंट

लखनऊ। भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें विवि के बीटेक कंप्यूटर साइंस के 35 मेधावी छात्रों का चयन कंपनी एडब्ल्यूएस अमेजन में टेलीपरफॉर्मेंस ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर हुआ है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह और इंजीनियरिंग के प्रभारी निदेशक प्रो. हैदर अली ने सभी चयनित छात्रों बधाई दी।

CamScanner

# भाषा विवि : 35 का नौकरी के लिए चयन



लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 35 विद्यार्थियों को नौकरी के लिए चयनित किया गया है। इनका चयन एडब्ल्यूएस अमेजन के टेलीपरफॉरमेंस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के लिए हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्रभारी प्रो. हैदर अली ने बताया कि अधिकतम चार लाख तक का वार्षिक पैकेज विद्यार्थियों को दिया जाएगा। कुलपति प्रो. एनबी सिंह सभी को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

CamScanner


हिन्दुस्तान लखनऊ, बुधवार, 3 जुलाई 2024 06

# विश्वविद्यालयों में इसी सत्र से नए कानूनों की पढ़ाई

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। शहर के विश्वविद्यालयों में नए कानून के हिसाब से पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी कर ली गई है। नए सत्र से एलएलबी के छात्रों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अनुसार पढ़ाई कराई जाएगी। जबकि जिन छात्रों ने आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट पढ़ चुके हैं, उन्हें अपडेट किया जाएगा।

**पुनर्वास विवि में बीओएस से पास**

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ लॉ की प्रो. शेफाली यादव ने बताया कि बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के लिए पहले से ही तैयारा शुरू कर दी गई थी। नए पाठ्यक्रम को बोर्ड ऑफ स्टडीज से भी पास करा लिया गया है। आईपीसी, सीआरपीसी, एविडेंस एक्ट की पढ़ाई कर चुके छात्रों के लिए कार्यशाला रखी जाएगी।



## एलयू में 10 जुलाई को बीओएस की बैठक

एलयू में विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि नए कानून बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए के अनुसार पढाई कराने के लिए शिक्षकों को कार्यशाला के जरिए अपडेट किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार अपडेट पाठ्यक्रम 10 जुलाई को बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) की बैठक मे पास किया जाएगा।

**भाषा विश्वविद्यालय में शिक्षकों की ट्रेनिंग जारी:** केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ लीगल स्ट्डीज के डीन प्रो. मसूद आलम ने बताया कि बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए की शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा रही है। पाठ्यक्रम भी अपडेट किया जा रहा है। जल्द ही बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक होगी। जानकारी के अनुसार बता दें कि इसी सत्र से बीएनएस, बीएनएसएस और बीएसए की पढ़ाई कराई जाएगी।

CS CamScanner

# भाषा विवि : उर्दू विभाग के प्रो. अशरफी सेवानिवृत्त




लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में प्रोफेसर सैय्यद शफीक अहमद अशरफी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। वह वर्ष 2013 में विश्वविद्यालय की स्थापना पर शुरू हुए शैक्षणिक सत्र से अपनी सेवा दे रहे थे। सेवामुक्त होने पर विवि के अटल सभागार में उनके लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कुलपति प्रो. एनबी सिंह, कुलसचिव भावना मिश्रा व वित्त नियंत्रक साजिद आजमी सहित अन्य अधिकारी व शिक्षक शामिल हुए। कुलपति ने उनके शैक्षणिक काल की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। (संवाद)